हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 30 मार्च 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

04 वरिष्ठों का अनुभव ही संगठन मजबूती का आधार...



07 मोहनजी की बगीची के पास पहली बार लगा रक्तदान...



## खबर संक्षेप

### वाणिज्य शोधार्थी सुप्रिया यादव को मिली पीएचडी उपाधि



**सागर।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय छतरपुर ने एक अधिसूचना जारी कर वाणिज्य अध्ययनशाला एवं शोध केंद्र की शोधार्थी सुश्री सुप्रिया यादव सागर को पीएचडीकी उपाधि प्रदान की है। सुप्रिया परकोटा निवासी स्व.राकेश कुमार यादव की पुत्री हैं। उल्लेखनीय है कि सुप्रिया यादव ने अपना शोध कार्य शोध निर्देशक प्रो.आनंद तिवारी, प्राचार्य शासकीय कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय सागर के कुशल मार्गदर्शन में पूर्ण किया है। एमसीबीयू छतरपुर ने 28 मार्च को शोधार्थियों को पी-एच.डी.उपाधि प्रदान करने की अधिसूचना जारी की है। शोध निर्देशक डॉ.आनंद तिवारी के मार्गदर्शन में शोधार्थी सुप्रिया यादव, अतिथि विद्वान शासकीय कन्या महाविद्यालय, सागर ने अपना शोध कार्य भारत में पर्यावरण लेखांकन की वर्तमान स्थिति एवं उपादेयता का मूल्यांकन विषय पर किया है।

### महावीर जयंती पर आज सार्वजनिक अवकाश घोषित

**सागर।** मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट संदीप जी आर ने महावीर जयंती के अवसर पर सागर जिले में 30 मार्च सोमवार को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। पूर्व में 31 मार्च मंगलवार को घोषित अवकाश में संशोधन करते हुए स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार अब 30 मार्च को अवकाश रखा गया है। साथ ही स्पष्ट किया गया है कि 31 मार्च को जिले के सभी शासकीय कार्यालय एवं संस्थान यथावत खुले रहेंगे।

### नगर निगम परिषद का साधारण सम्मेलन अब 31 मार्च को

**सागर।** नगर निगम परिषद का साधारण सम्मेलन निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार की अध्यक्षता में महापौर संगीता सुशील तिवारी, निगमायुक्त राजकुमार खत्री एवं पार्षदों की उपस्थिति में 31 मार्च मंगलवार को दोपहर 12 बजे से पुराने निगम कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पूर्व में यह सम्मेलन 30 मार्च को आयोजित किया जाना निर्धारित था, किन्तु शासन द्वारा 30 मार्च को महावीर जयंती का अवकाश घोषित किए जाने के कारण अब सम्मेलन की तिथि परिवर्तित कर 31 मार्च निर्धारित की गई है। सम्मेलन में नगर निगम का वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट प्रस्तुत किया जाएगा।

### रबी फसलों की सुरक्षा हेतु कलेक्टर की किसानों से अपील

**सागर।** कलेक्टर ने जिले के किसानों से रबी फसल की सुरक्षा के लिए सतर्कता बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में रबी सीजन की प्रमुख फसलें अपने अंतिम चरण में हैं तथा कटाई का समय चल रहा है। मौसम विभाग द्वारा अगले 3 दिन अनियमित वर्षा एवं मौसम परिवर्तन की संभावना जताई गई है। कलेक्टर ने किसान भाइयों-बहनों से आग्रह किया है कि जहां फसल पक चुकी है, वहां शीघ्र कटाई प्रारंभ करें और कटाई में अनावश्यक देरी न करें। कटी हुई फसल को खुले में न छोड़ें, बल्कि तिरपाल या सुरक्षित स्थान पर रखकर सुखाएं एवं भंडारण करें। साथ ही खेतों में खड़ी फसल की जल्द से जल्द सुरक्षित कटाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि बेमौसम वर्षा एवं ओलावृष्टि की संभावना को देखते हुए मौसम विभाग के अलर्ट पर तुरंत आवश्यक कार्रवाई करें। इन मौसमी प्रभावों से फसलों को होने वाले संभावित नुकसान से बचाव के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है।

---

मकरोनिया नगर, मकरोनिया ग्रामीण एवं सदर मंडल की सक्रिय सहभागिता

# कार्यकर्ता ही संगठन की शक्तिः नरयावली में विधायक प्रदीप लारिया के नेतृत्व में 'प्रशिक्षण वर्ग' का शंखनाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीति, वैचारिक अधिष्ठान और आगामी चुनौतियों के अनुरूप कार्यकर्ताओं को गढ़ने के लिए नरयावली विधानसभा क्षेत्र में 'पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग महाअभियान- 2026' का भव्य आगाज़ हुआ। क्षेत्रीय विधायक इंजी. प्रदीप लारिया के कुशल मार्गदर्शन और नेतृत्व में आयोजित इस दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग ने अनुशासन और संगठन विस्तार की नई इबारत लिख दी है।

विधानसभा के तीन मंडल मकरोनिया नगर, सदर और मकरोनिया ग्रामीण मंडलों की सक्रिय सहभागिता के साथ, यह आयोजन मात्र एक कार्यक्रम न रहकर कार्यकर्ताओं के लिए एक 'वैचारिक कुंभ' बन गया है, जहाँ हिमालय जैसी अडिग निष्ठा और आधुनिक तकनीक के संगम से भविष्य की जीत का मार्ग प्रशस्त किया गया। संगठन की सूक्ष्म दृष्टि संगठनात्मक कौशल का परिचय देते हुए इस महाअभियान को दो पृथक केंद्रों- श्री गणेश एन्जोरा मैरिज गार्डन (मकरोनिया) और कुबेर वाटिका (पटकुई) पर आयोजित किया गया।





विधायक लारिया ने स्पष्ट किया कि भाजपा के लिए सत्ता साध्य नहीं, बल्कि जनसेवा का साधन है और प्रशिक्षण वर्ग वह पाठशाला है जहाँ 'कार्यकर्ता' से 'नेता' बनने की यात्रा शुरू होती है। कुबेर वाटिका में मकरोनिया नगर एवं सदर मंडल के सत्र का शुभारंभ करते हुए स्वयं विधायक इंजी. प्रदीप लारिया ने 'उद्घाटन सत्र एवं कार्यपद्धति' पर सारगर्भित पाथेय दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता अपनी कार्यपद्धति से पहचाना जाता है।सुधा जैन ने वैचारिक अधिष्ठान पर प्रकाश डाला। जाहरसिंह ठाकुर ने 'बूथ प्रबंधन एवं मन की बात' के जरिए विजय का मंत्र फूंका। आशीष दुबे ने 'सोशल मीडिया एवं ए.आई.' के महत्व को रेखांकित करते हुए आधुनिक चुनावी रणकौशल समझाया। श्याम तिवारी ने भाजपा के गौरवशाली इतिहास और विकास यात्रा से कार्यकर्ताओं को गौरवान्वित किया।

मकरोनिया स्थित दूसरे केंद्र श्री गणेश एंजोरा मैरिज गार्डन पर मकरोनिया ग्रामीण मंडल में भी वैचारिक ऊर्जा का प्रवाह निरंतर बना रहा। भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी ने यहाँ उद्घाटन सत्र में वैचारिक नींव को मजबूती दी। सुखदेव मिश्रा ने केंद्र व राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं को अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुँचाने की रणनीति साझा की लोकेन्द्र पारासर ने 'कार्य विस्तार' विषय पर कार्यकर्ताओं को संगठन की सीमाओं को लांघने हेतु प्रेरित किया। सागर विधायक शैलेन्द्र जैन ने भाजपा के संघर्ष और उत्थान की गाथा सुनाई, जिससे कार्यकर्ताओं में नया जोश भर गया।

यह प्रशिक्षण वर्ग केवल भाषणों का संकलन नहीं, बल्कि भाजपा की उस 'केडर-बेस्ड' संस्कृति का प्रमाण है जो इसे विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बनाती है। विधायक प्रदीप लारिया के केंद्रित नेतृत्व में जिस तरह से सोशल मीडिया और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे आधुनिक विषयों को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के साथ जोड़ा गया, वह नरयावली भाजपा की दूरदर्शिता को दर्शाता है। जब कार्यकर्ता वैचारिक रूप से समृद्ध होता है, तो संगठन अजेय बन जाता है।

---

## महावीर जयंती आज, श्री जी की विमान शोभायात्रा निकलेगी



**सागर।** जैन धर्म के 24 वे तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक चैत्र शुक्ल त्रयोदशी पर 30 मार्च सोमवार भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव समिति के तत्वावधान मे गौराबाई दिगंबर जैन मंदिर से श्रीजी की विमान शोभायात्रा आकर्षक चल समारोह के साथ शुरू होगा। जो नगर के प्रमुख मार्गो से होकर वर्णी भवन मोराजी पहुंचेगा। जहां पर श्रीजी के विशेष अभिषेक के बाद चल समारोह वापस कटरा नमक मंडी आयेगा। दोपहर मे 150 कलशो से विशेष अभिषेक संपन्न कराया जायेगा। सायंकाल 1008 दीपक प्रज्ज्वलित कर महाआरती होगी। गौराबाई महिला मंडल द्वारा पालना झुलाओ कार्यक्रम संपन्न कराया जाएगा। तत्पश्चात पुरूस्कार वितरण समारोह मे चल समारोह मे शामिल आकर्षक झांकियो को पुरस्कृत किया जावेगा। महिला मंडल की वेशभूषा पर पुरूस्कार दिए जावेगे। बालक हिल व्यू शिवाजी वार्ड स्थित शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर मे सोमवार की सुबह 7.00 बजे श्रीजी की शोभायात्रा मंदिर से संतोष बडकुल के घर के सामने, अहिंसा किराना के सामने से शिवलाय, पारस हॉस्पिटल के सामने से होते हुये द्वारका विहार कॉलोनी से मेडिकल कॉलेज मार्ग, शिव सागर अस्पताल के सामने से होते हुये पद्मावती किराना, डेली नीड्स से मंदिर पहुंचेगे। जिसके बाद अभिषेक, शांतिधारा, पूजन एवं आरती। सायंकाल 7:00 बजे आरती, भजन, महिला मंडल के कार्यक्रम आदि संपन्न होगी।




## 23 मरीजों को इलाज हेतु भोपाल भेजा

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा में रविवार को रहली विधानसभा क्षेत्र के गंभीर एवं उपचाररत 23 मरीजों को उनके परिजनों सहित पूर्व मंत्री एवं विधायक गोपाल भार्गव ने निज निवास गणनायक से एम्बुलेंस के माध्यम से भोपाल हेतु रवाना किया गया। इनमें 03 कैंसर से पीड़ित, 07 किडनी एवं गर्भाशय संबंधी समस्याओं से ग्रसित तथा 13 अन्य विभिन्न बीमारियों से जूझ रहे मरीज शामिल हैं। पूर्व मंत्री ने बताया कि सभी मरीजों को मेरे भोपाल स्थित निवास पर विश्राम के लिए ठहराया जाएगा,ताकि वे यात्रा के बाद आराम कर सकें। तत्पश्चात सोमवार को प्रत्येक मरीज की बीमारी एवं आवश्यकतानुसार उन्हें संबंधित विशेषज्ञ अस्पतालों में भेजकर उनके इलाज एवं आवश्यक जांचों की प्रक्रिया प्रारंभ कराई जाएगी। ईश्वर से प्रार्थना है कि सभी मरीज शीघ्र स्वस्थ होकर अपने परिवार के बीच लौटें।

---



## सामाजिक एकजुटता की मिसाल बनेगा कन्या दान सम्मेलन, तैयारियां तेजः लखन सिंह

**खुरई।** क्षत्रिय महासभा जिला सागर के तत्वावधान में आगामी 20 अप्रैल को आयोजित होने वाले सामूहिक कन्यादान विवाह सम्मेलन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में रविवार 29 मार्च को मालथौन और खुरई में ब्लॉक स्तर पर क्षत्रिय समाज के गणमान्य सदस्यों की बैठकें आयोजित की गईं, जिनमें सम्मेलन की रूपरेखा, व्यवस्थाओं और आर्थिक सहयोग को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठकों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष लखन सिंह ने कहा कि यह आयोजन पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह की पहल पर समाज के वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन सामाजिक एकजुटता, सहयोग और मानवीय संवेदनाओं का प्रतीक है, जिसके माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों को सम्मानपूर्वक विवाह का अवसर प्रदान किया जा रहा है। बैठकों में क्षत्रिय समाज के सम्मानित सदस्यों ने आयोजन की तैयारियों, व्यवस्थाओं एवं धन संग्रह को लेकर अपने सुझाव दिए। आयोजन समिति द्वारा बताया गया कि विवाह के लिए चयन जिले की कन्याओं में से ही किया जाएगा तथा वास्तविक आर्थिक स्थिति को आधार बनाया जाएगा, ताकि जरूरतमंद परिवारों को ही इसका लाभ मिल सके। सम्मेलन के लिए आर्थिक सहयोग की अंतिम तिथि 5 अप्रैल निर्धारित की गई है। वहीं, सामूहिक विवाह में शामिल होने के इच्छुक परिवारों से 6 से 10 अप्रैल के बीच आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। आवेदन के साथ आयु प्रमाण पत्र और आधार कार्ड संलग्न करना अनिवार्य रहेगा। समाज के नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर आर्थिक सहयोग प्रदान करें, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद कन्याओं के विवाह गरिमापूर्ण तरीके से संपन्न कराए जा सकें। क्षत्रिय महासभा की मालथौन बैठक में राजेंद्र सिंह दरी, राव राजा राजपूत, दुरग सिंह परिहार, जयंत सिंह बुंदेला, गोविंद सिंह नेगुवां, बलवीर सिंह लोगर, रामकुमार सिंह बघेल, पुष्पेंद्र सिंह परिहार, सिरनाम सिंह तोमर अटा, पुष्पेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह बुंदेला, सुरेंद्र सिंह, कल्याण सिंह पटैल, रामवरन सिंह अटा, कुलदीप सिंह, हनुमत सिंह उपस्थित रहे।

## मुखर्जी चौक पर लगवाई एलईडी स्क्रीन, पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव ने रिमोट दबाकर किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढाकोटा

सागर जिले के गढाकोटा में शनिवार कि शाम नगर पालिका द्वारा मुख्य बाजार में 10 वाय 13 साइज की एचडी एलईडी स्क्रीन लगाई गई है। जिसका मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री पं. गोपाल भार्गव ने रिमोट का बटन दबाकर लोकार्पण किया। एवं कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव द्वारा अतीत के मनोरंजन के साधनों में रेडियो, रामलीला सहित अपने पुरानी यादों को साझा किया गया। साथ ही कहा गया कि इस अत्याधुनिक स्क्रीन से नगरवासियों के मनोरंजन के साथ-साथ स्थानीय व्यवसायों और संस्थाओं के विज्ञापन प्रसारण के उद्देश्य से स्थापित की गई है। इस पहल से न केवल नगर के लोगों को महत्वपूर्ण जानकारियाँ, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं उपयोगी संदेश सहज रूप से प्राप्त होंगे, बल्कि स्थानीय व्यापारियों को भी अपने उत्पाद एवं सेवाओं के प्रचार-प्रसार का एक सशक्त माध्यम मिलेगा। स्क्रीन पर नगर के मुख्य चौक चौराहे शासकीय भवन, पार्क साथ ही नगर के प्रमुख स्थलों को दिखाए जा रहे हैं। साथ ही इस स्क्रीन के माध्यम से शासन कि योजनाओं और नगर में संचालित कार्यों सहित सौंदर्याकरण को इस स्क्रीन के माध्यम से दिखाया जा रहा है।




नगर के नागरिकों का कहना है एलईडी स्क्रीन लगने से सभी के लिए काफी उपयोगी है। इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी, सीएमओ धनंजय गुमास्ता, रामकिसुन सोनी, मालगुजार जगदीश नायक, के.के नायक, शिवदत्त शुक्ला, किराना व्यापारी गुड्डुल अग्रवाल सहित गणमान्य नागरिक, पार्षदगण, व्यापारी मौजूद रहे।

## विश्वविद्यालयः योग विभाग के स्थानांतरण का आदेश स्थगित, छात्रों ने क्रमिक अनशन समाप्त किया

सागर। डॉ. हरीसिंह गौर विवि के योग विभाग के कम्प्यूटर साइंस विभाग में किये गए स्थानांतरण आदेश को स्थगित कर दिया गया है। विवि के कुलसचिव द्वारा इस सम्बन्ध में आदेश जारी किया है। 08 जनवरी को यह स्थानांतरण आदेश जारी किया गया था जिसको लेकर विभाग के छात्र यह मांग कर रहे थे कि योग विभाग को वर्तमान भवन पतंजलि भवन में ही संचालित रहने दिया जाए। विभाग द्वारा भी योग क्रियाओं इत्यादि को लेकर स्थान और सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए वर्तमान भवन में ही संचालित किये जाने का आग्रह किया था। इसको दृष्टिगत रखते हुए यह स्थगन आदेश जारी किया गया है। विश्वविद्यालय के सुरक्षा अधिकारी प्रो. राजेंद्र यादव, प्रो. अनिल जैन और प्रभारी मीडिया अधिकारी ने विवि प्रशासन के इस स्थगन आदेश से अनशनरत विद्यार्थियों को अवगत कराया. विद्यार्थियों ने इस आदेश का स्वागत करते हुए और विश्वविद्यालय का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए अनशन को समाप्त किया।



## स्वास्थ्य परीक्षण परामर्श शिविर आयोजित

**सागर।** गौराबाई दिगंबर जैन मंदिर के डेढ सौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य मे त्रिदिवसीय कार्यक्रम के तहत आज रविवार को स्वास्थ्य परीक्षण परामर्श शिविर आयोजित किया गया। कटरा नमक मंडी स्थित गौराबाई दिगंबर जैन मंदिर प्रांगण मे आयोजित शिविर मे भाग्योदय तीर्थ चिकित्सालय के चिकित्सको की टीम ने शिविर मे उपस्थित मरीजो का स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श दिया गया। शिविर मे भाग्योदय तीर्थ चिकित्सालय के डॉक्टर मधुर जैन, डॉक्टर ऋचा गोयल, डॉक्टर सौरभ जैन चौधरी, डॉक्टर प्रमोद सिजारिया, डॉक्टर नितिन जैन, डॉक्टर अंजली, डॉक्टर कांची जैन ने शिविर मे सेवाये प्रदान की। शिविर मे ह्दय रोग, डायबिटीज, हड्डी, मुख और दंत रोग आदि से संबंधित मरीजो का उपचार विषय विशेषज्ञ चिकित्सको द्वारा किया गया। शिविर का शुभारंभ भगवान महावीर स्वामी के चित्र के समक्ष दीप प्रजवल्लन कर मुख्य अतिथि नगर विधायक शैलेंद्र जैन द्वारा रिबिन काटकर किया गया। इस अवसर पर मंदिर कमेटी से संतोष जैन घड़ी, राकेश जैन चच्चाजी, दिलीप रांधेलीय, डॉक्टर महेन्द्र जैन, डॉक्टर राजेश जैन, डॉक्टर ऋषभ जैन, अशोक वीर श्रेयांश जैन, देवेन्द्र फुसकेले, श्रीकांत जैन, संजीव जैन, मुकेश जैन सहित बड़ी संख्या मे गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। संचालन अशोक पिड़रुआ ने किया।

---

कांग्रेस सेवादल द्वारा 81 वें मासिक 'ध्वज वंदन' कार्यक्रम सिविल लाइंस चौराहे पर हुआ आयोजित

# सेवादल ने फहराया नैतिकता का ध्वजः सरकार की विफल नीतियों और गिरते चारित्रिक मूल्यों पर साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कांग्रेस सेवादल द्वारा आयोजित 81 वें मासिक 'ध्वज वंदन' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता डॉ संदीप सबलोक ने सिविल लाइंस चौराहे के नजदीक ध्वजारोहण करते हुए केंद्र और राज्य सरकार की चौतरफा विफलताओं पर तीखा प्रहार किया। डॉ. सबलोक ने अपने संबोधन में कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 'विश्व गुरु' बनने का दंभ भरने वाली भाजपा सरकार की कूटनीतिक विफलता के कारण आज देश पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की भारी किल्लत व बेतहाशा महंगाई से जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि कच्चा तेल और गैस के अंतरराष्ट्रीय प्रबंधन में सरकार पूरी तरह नाकाम रही है, जिसका सीधा आर्थिक बोझ आम जनता की कमर तोड़ रहा है। भाजपा नेताओं के 'चारित्रिक पतन' पर कटाक्ष करते हुए डॉ. सबलोक ने कहा कि सत्ता के अहंकार में डूबे नेता अब न महिलाओं का सम्मान कर रहे हैं, न आम पुरुषों का और न ही ट्रांसजेंडर समुदाय के अधिकारों की रक्षा कर पा रहे हैं। मणिपुर से लेकर महिला पहलवानों के शोषण तक, हर जगह बेटी बचाओ का नारा आरोपी बचाओ में तब्दील हो गया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे सेवा दल के 'आत्मबल' और 'नैतिकता' के मूल मंत्र को आत्मसात कर इस अनैतिक सत्ता के खिलाफ समाज को लामबंद करें।कार्यक्रम में डॉ. सबलोक ने सेवादल अध्यक्ष और कार्यक्रम के आयोजक सिंटू कटारे द्वारा पिछले 7 सालों से ध्वज वंदन और समाज सेवा के लक्ष्य को लगातार जारी रखने की सराहना करते हुए सेवादल के 'सेवा, त्याग और अनुशासन' के संकल्प के साथ राष्ट्र निर्माण में कार्यकर्ताओं की भूमिका को सर्वोपरि बताया। कार्यक्रम का संचालन द्वारका चौधरी द्वारा किया गया।



कार्यक्रम मे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व.स्वरूप चंद सिंघई के परिजन मुकेश सिंघई ओर स्व. खिदमत राय के परिजन नरेश खत्री का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पं.भोलेश्वर प्रसाद तिवारी की पुत्रवधु रजनी तिवारी और पूर्व मंत्री प्रकाश चंद जैन की माता जी शांति बाई जैन के स्वर्गवास पर उनकी आत्मा शांति हेतु मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश महासचिव विजय साहू, एड.अनिल कोठारी, राजाराम सरवैया, हेमराज रजक, अक्षत कोठारी, शिवशंकर यादव, तोता यादव, योगराज कोरी, नितिन पचौरी, प्रीतम यादव, आनन्द हेला, कल्लू पटेल, लल्ला यादव, अंकुर यादव, अमर श्रीवास्तव, परख शुक्ला, प्रवीण यादव, अन्नू घोषी, पंकज सोनी, दीपक कुर्मी, देव सबलोक, संजय चौरसिया, अंशुल शर्मा, प्रसून पटैल, महेश अहिरवार, जितेन्द्र यादव, लालू तिवारी, पवन, विनायक उपाध्याय, अमित पटेल आदि जन उपस्थित रहे।

## गैस की किल्लत को लेकर आटो चालक हो रहें हैं परेशानः पप्पू तिवारी



**सागर।** एलपीजी गैस की कमी के चलते ऑटो चालक जहां परेशान हो रहे हैं की वहीं ऊनको लंबी कतार में खड़े रहना पड़ता है। इस संबंध में आटो चालकों की चिंता जताते हुए आटो युनियन अध्यक्ष पप्पू तिवारी ने बताया कि सागर तिली तिगड्डा पर स्थित आगम एलपीजी गैस पंप पर गैस की कमी के चलते ऑटो की लंबी लंबी लाइन लगी रहने से ऑटो चालकों को कई घंटों तक गैस के लिए परेशान होना पड़ रहा। ऑटो रिक्शा यूनियन अध्यक्ष पप्पू तिवारी ने कहा कि एक तरफ प्रशासन कह रहा है कि गैस की कोई परेशानी नहीं है तो दूसरी तरफ आगम गैस पंप पर गैस डलवाने के लिए ऑटो रिक्शा चालको को कई घंटों इंतजार करने के बाद भी गैस उपलब्ध नहीं हो पा रही। पप्पू तिवारी ने कलेक्टर सागर से ऑटो रिक्शा चालको को एलपीजी गैस की हो रही किल्लत से अवगत कराते हुए किल्लत को दूर करने की मांग की है। ज्ञातव्य है कि राहतगढ़ बस स्टैंड पर बने एलपीजी गैस पंप संचालक द्वारा कीमत से अधिक गैस का विक्रय करने से उक्त गैस पंप को कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर प्रशासन द्वारा शील कर दिए जाने से सीएनजी गैस की समस्या बढ़ गई है। मांग करने वालों में सुंदर यादव,राजेश शुक्ला, मोनू खान, पवन खटीक आदि शामिल हैं।

### लाखों रुपए के सोना-चांदी के जेबरात व नकदी पर किया हाथ साफ, पुलिस जांच में जुटी

# गल्ला व्यापारी के सूने घर चोरों का धावा



क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

नगर में बीती रात एक बड़ी चोरी की वारदात ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी। अज्ञात चोरों ने सुनसान मौके का फायदा उठाते हुए गल्ला व्यापारी के सूने घर पर धावा बोलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया और सोना चांदी के जेवर, नगदी सहित करीब 7 लाख 70 हजार रुपये की संपत्ति पार कर दी।

घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है और पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पहाड़ी बुजुर्ग के मूल निवासी सुरेश कुमार गुप्ता पलेरा नगर में जतारा रोड पर स्थित वार्ड क्रमांक 15 में स्थित घर पर वर्तमान में निवास करते है। लेकिन बीती रात वह अपने परिवार के साथ गांव में आयोजित वेदी हवन कार्यक्रम में शामिल होने के लिये गांव गये हुए थे। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने पलेरा स्थित घर में घुसपैठ कर अलमारी और तिजोरी को निशाना बनाया। इस दौरान चोरों ने घर के अंदर रखे सोने चांदी के जेवरात, नगदी और अन्य कीमती सामान को समेटते हुए लाखों रुपये की चोरी को अंजाम दिया और मौके से फरार हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया। और एडिशनल एसपी विक्रम सिंह और एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम सहित भारी पुलिस बल घटना स्थल पर पहुंचा। पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाने का प्रयास किया।

उक्त मामले की गंभीरता को देखते हुए डॉग स्क्वायड और फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट की टीम को भी मौके पर बुलाया गया। टीम द्वारा आसपास के क्षेत्रों में तलाशी अभियान चलाया गया और संभावित सुराग खंगाले जा रहे हैं। इस बड़ी चोरी की वारदात के बाद पलेरा नगर में भय का माहौल व्याप्त है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार बढ़ती चोरी की घटनाओं से आमजन असुरक्षित महसूस कर रहा है। नागरिकों ने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि उक्त चोरी मामले की जांच तेजी से की जा रही है और जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

### संदिग्ध हथियार लाइसेंस धारकों के शस्त्र लाइसेंस निरस्त, पुलिस का सख्त एक्शन

# अपराध से जुड़ोगे तो जाएगा लाइसेंसः एसपी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त पाए जाने वाले और अपराध की दुनिया से वास्ता रखने वाले हथियार लाइसेंस धारकों के विरुद्ध सख्त रुख अपनाते हुए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने अभियान छेड़ दिया है। जिसके तहत बारिकी से जांच करते हुए हथियारों के लाइसेंस रद्द किए जा रहे हैं। अभी तक एक सैकड़ा से अधिक लाइसेंस रद्द किए जा चुके हैं।


जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा सख्त अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में जिले भर में संदिग्ध शस्त्र लाइसेंस धारकों की निगरानी कर बड़ी कार्रवाई की गई है। इस अभियान के तहत अब तक कुल 133 शस्त्र लाइसेंस निरस्त किए जा चुके हैं। पुलिस अधीक्षक मंडलोई द्वारा सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित किया जाए जिनके पास शस्त्र लाइसेंस है और जिनकी किसी आपराधिक गतिविधि में संलिप्तता पाई गई है या संदिग्ध गतिविधियों में उनकी भूमिका सामने आई है।

पुलिस द्वारा ऐसे लाइसेंस धारकों के पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड, वर्तमान गतिविधियों और अवैध कार्यों में संभावित संलिप्तता की गहन जांच की जा रही है। जांच के बाद जिला प्रशासन को प्रतिवेदन भेजकर शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की जा रही है। इस विशेष अभियान के तहत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अब तक 133 शस्त्र लाइसेंस निरस्त कराए जा चुके हैं। वहीं अन्य संदिग्ध लाइसेंस धारकों की जांच प्रक्रिया अभी भी जारी है और आगे भी कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने स्पष्ट संदेश दिया है कि जिले में कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। शस्त्र लाइसेंस किसी भी व्यक्ति को अपराध या दबाव बनाने के लिए नहीं दिया गया है, बल्कि सुरक्षा के लिए दिया जाता है। यदि कोई लाइसेंसधारी आपराधिक गतिविधियों में शामिल पाया जाता है, तो उसका लाइसेंस निरस्त कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें, ताकि जिले में सुरक्षित और शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखा जा सके।

### बगाज माता दर्शन से लौट रहे 22 श्रद्धालु घायल, 7 की हालत गंभीर

# तेज रफ्तार का कहरः बोलेरो ने मारी ट्रैक्टर ट्रॉली को टक्कर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़ागांव धसान

शनिवार देर रात बगाज माता मंदिर से दर्शन करके ट्रैक्टर ट्रॉली पर सवार होकर लौट रहे श्रद्धालुओं की ख़ुशी को एक भीषण सड़क हादसे ने तब दर्द में बदल दिया जब एक तेज रफ्तार बोलेरो गाड़ी ने ट्रैक्टर ट्रॉली को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में ट्रॉली में सवार 22 श्रद्धालु घायल हो गए, जिनमें कई की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना बड़ागांव थाना क्षेत्र के गोपालपुरा तिराहा के पास की है। जानकारी के अनुसार, सभी घायल श्रद्धालु बगाज माता मंदिर से जवारे विसर्जन के दर्शन कर अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान तेज गति से आ रही बुलेरो ने ट्रैक्टर ट्रॉली को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रॉली मौके पर ही पलट गई और उसमें सवार लोग इधर उधर जा गिरे।

उक्त हादसे में घायल सभी लोग छतरपुर जिले के बुडेरा गांव के निवासी बताए जा रहे हैं। घायलों में एक बुजुर्ग सहित चार महिलाओं की हालत गंभीर बताई जा रही है। सूचना मिलते ही एम्बुलेंस और डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव पहुंचाया गया। ड्यूटी डॉक्टर डॉ विकास बघेल ने बताया कि कुल 22 घायलों को अस्पताल लाया गया, जिनका प्राथमिक उपचार किया गया है।

इनमें से 7 लोगों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है। उक्त घटना में घायल लोगो में अंजना लोधी, अनुज लोधी, अनिकेत लोधी, अंशुल लोधी, गुड़िया लोधी, वर्षा अहिरवार, हर्बल यादव, अज्जू अहिरवार, कंछेदी अहिरवार, सुजान यादव, लल्ला बाई अहिरवार, अभिलाषा अहिरवार, गुड्डी अहिरवार, गीता अहिरवार, सुनीता अहिरवार, रामधार यादव, नैंसी यादव, लक्ष्मी बाई अहिरवार सहित अन्य घायल शामिल हैं। उक्त हादसे के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### तीर्थंकर माता की गोद भराई, सजा महाराजा नाभिराय का भव्य दरबार

# आत्मा से परमात्मा बनने की प्रक्रिया पंचकल्याणक महोत्सवः महाराज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़ागांव धसान

क्षेत्र में स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर लार के तत्वावधान में आयोजित श्री 1008 मज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक मानस्तम्भ जिनबिम्ब प्रतिष्ठा, विश्वशांति महायज्ञ एवं रथोत्सव महोत्सव के दूसरे दिन रविवार को गर्भ कल्याणक की पावन क्रियाएं अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और विधि-विधान के साथ सम्पन्न हुईं। कार्यक्रम चर्या शिरोमणि आचार्य विशुद्ध सागर महाराज के संघ सान्निध्य एवं प्रतिष्ठाचार्य ब्रह्मचारी जय कुमार निशांत तथा ब्रह्मचारी संजय भैया गुणाशीष के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। रविवार प्रातः पात्र शुद्धि, अभिषेक, शांतिधारा, नित्य महापूजन एवं गर्भ कल्याणक पूजन विधि विधान के साथ सम्पन्न हुआ। विश्व शांति की कामना को लेकर हवन भी आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ अर्जित किया। दोपहर में सीमंतनी क्रिया का आयोजन हुआ, जिसमें प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ की माता मरुदेवी की गोद भराई की रस्म सम्पन्न हुई। महोत्सव समिति, पात्रों एवं सैकड़ों महिलाओं ने माता की गोद भराई कर धर्म लाभ लिया। महोत्सव के अंतर्गत भगवान के माता-पिता बनने का सौभाग्य सवाई चौधरी ज्ञानचन्द्र जैन और शोभा जैन को प्राप्त हुआ। इस दौरान श्रद्धालुओं ने माता पिता को गोद में उठाकर भक्ति नृत्य किया। रात्रि में महाराजा नाभिराय का भव्य दरबार सजाया गया, जिसमें 16 स्वप्नों के फल कथन, अष्ट देवियों एवं छप्पन कुमारियों द्वारा सेवा भेंट एवं राजदरबार की झांकी प्रस्तुत की गई। राम कुमार एंड पार्टी की संगीतमयी स्वर लहरियों के बीच पूजन, आराधना, भक्ति नृत्य और महाआरती का आयोजन हुआ, जिसमें पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। धर्मसभा में आचार्य विशुद्ध सागर महाराज ने कहा पंचकल्याणक आत्मा से परमात्मा बनने की पवित्र प्रक्रिया का महोत्सव है। गर्भ, जन्म, तप, ज्ञान और निर्वाण आदि ये पांच कल्याणक आत्मा के परमात्मा बनने की यात्रा को दर्शाते हैं।

# आपदा की रात में सहारा बनी संवेदनशील पुलिस




हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में पुलिस का एक संवेदनशील और मानवीय चेहरा तब पुनः सामने आया, जब आगजनी से प्रभावित एक आदिवासी परिवार की मदद के लिए तुरंत राहत सामग्री पहुंचाई। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में जिले भर में आमजन की आपात परिस्थितियों में सहायता सुनिश्चित करने के निर्देशों के बीच यह पहल एक उदाहरण बनकर सामने आई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 27 मार्च की रात करीब 9 बजे ग्राम कन्नपुर चौकी देवरदा निवासी प्रेमलाल आदिवासी के घर में अचानक शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। इस हादसे में परिवार की खाद्य सामग्री सहित दैनिक उपयोग का जरूरी सामान जलकर खाक हो गया, जिससे परिवार गहरे संकट में आ गया। घटना की सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी देवरदा लीलाधर सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तत्काल स्थिति का जायजा लिया और जनसहयोग से पीड़ित परिवार को राहत पहुंचाने की पहल की। पुलिस टीम द्वारा पीड़ित परिवार को राशन सामग्री उपलब्ध कराई गई। साथ ही परिवार के बच्चों के लिए नमकीन और बिस्कुट देकर उनकी जरूरतों का विशेष ध्यान रखा गया। इस त्वरित मदद से परिवार को राहत मिली और मुश्किल घड़ी में सहारा मिला। पुलिस की इस पहल ने यह संदेश दिया कि पुलिस केवल कानून व्यवस्था तक सीमित नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी निभा रही है। इस घटना के बाद आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास और सम्मान और मजबूत होगा। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने उक्त उदाहरण का हवाला देते हुए सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे इसी प्रकार संवेदनशीलता और तत्परता के साथ जरूरतमंदों की मदद करें, ताकि हर संकट में पुलिस आमजन के साथ खड़ी नजर आए।

**आगजनी से पीड़ित आदिवासी परिवार तक पहुंचाई राहत**

# टॉयलेट निर्माण को लेकर मारपीट, दी जान से मारने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

नगर में पड़ोसियों के विवाद ने रविवार को तब हिंसक रूप ले लिया, जब टॉयलेट निर्माण का विरोध करने पर बाइक शोरूम मालिक के साथ उनके शोरूम में घुसकर मारपीट की गई। आरोप है कि पड़ोसी अपने साथियों के साथ आया और गाली गलौज करते हुए व्यापारी पर हमला कर दिया। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पलेरा निवासी बाइक शोरूम संचालक द्वारका प्रसाद दमेले ने अपने मकान के बगल में बन रहे टॉयलेट निर्माण पर आपत्ति जताई थी। बताया जा रहा है कि टॉयलेट निर्माण पड़ोसी के रिश्तेदार द्वारा कराया जा रहा था, जिसका दमेले परिवार ने विरोध किया था। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया जिसने बाद में हिंसक रूप ले लिया। पीड़ित द्वारका प्रसाद दमेले ने पुलिस को बताया कि पड़ोसी हरिकांत यादव गाली गलौज करते हुए उनके बजाज शोरूम पर आ गये। जब उन्होंने गाली देने से मना किया तो हरिकांत ने लात घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। कुछ ही देर में हरिकांत के साथी हीरा यादव, मनोज यादव और पुष्पेंद्र यादव भी मौके पर पहुंच गए। आरोप है कि पुष्पेंद्र और हीरा ने द्वारका प्रसाद के हाथ पकड़ लिए, जबकि मनोज और हरिकांत ने उनके साथ मारपीट की।



### भाजपा कार्यालय में वरिष्ठ कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम संपन्न, संगठन मजबूती पर मंथन

# वरिष्ठों का अनुभव ही संगठन मजबूती का आधारः पाठक




हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिला मुख्यालय पर स्थित भारतीय जनता पार्टी के नवीन कार्यालय में रविवार को आयोजित किये गये वरिष्ठ कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम ने संगठनात्मक मजबूती को नई दिशा देने का संकेत दिया। अनुभवी कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शन और संगठन विस्तार की रणनीति पर केंद्रित इस कार्यक्रम में विचारों, अनुभवों और भविष्य की योजनाओं का प्रभावी समन्वय देखने को मिला। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत ने कार्यकर्ताओ को संबोधित किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला प्रभारी पुष्पेन्द्र नाथ पाठक ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अनुभव और ऊर्जा के संयुक्त संगम से ही भाजपा का संगठन मजबूत होगा, इसलिये भाजपा ने इसी ध्येय के साथ अपनी आगे की रणनीतिक राह तय की है। उन्होंने जोर देकर कहा कि वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का अनुभव ही पार्टी की सबसे बड़ी पूंजी है। संगठन की जड़ों को मजबूत करने में वरिष्ठों का योगदान अमूल्य रहा है, जिसे नई पीढ़ी तक पहुंचाना बहुत ही आवश्यक है। उक्त संवाद कार्यक्रम में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने अपने लंबे राजनीतिक अनुभव साझा किए और संगठन निर्माण के विभिन्न चरणों की चर्चा की।

बैठक में आगामी चुनावी चुनौतियों, बूथ स्तर तक संगठन विस्तार और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी को लेकर विस्तृत रणनीति पर विचार विमर्श हुआ। कार्यक्रम में यह स्पष्ट संकेत मिला कि भाजपा जिला स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ रही है। कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियों के साथ सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया।

नवीन कार्यालय के उत्साहपूर्ण माहौल में हुए इस संवाद ने कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया। युवा और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के बीच तालमेल और संवाद ने संगठनात्मक एकता को और मजबूत किया। भाजपाइयों ने बताया कि यह संवाद कार्यक्रम केवल औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि आने वाले समय में संगठनात्मक मजबूती और चुनावी तैयारियों का स्पष्ट संकेत माना जा रहा है। वरिष्ठों के अनुभव और युवा कार्यकर्ताओं की ऊर्जा के समन्वय से भाजपा जिला स्तर पर अपनी पकड़ और मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ती हुई दिखाई देगी।

### संकल्प से समाधान अभियान शिविर का शुभारंभ, हजारों हितग्राही लाभान्वित

# मजबूत इच्छाशक्ति से पहुंचता है अंतिम व्यक्ति तक लाभः कलेक्टर




हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

संकल्प से समाधान अभियान ने साबित किया कि यदि इच्छाशक्ति मजबूत हो, तो योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना संभव है। उक्त वक्तव्य कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने स्थानीय उत्सव भवन में आयोजित संकल्प से समाधान जिला स्तरीय शिविर के शुभारंभ अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दिए। शासन की मंशा के अनुरूप आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण और योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे संकल्प से समाधान अभियान के तहत जिले में उल्लेखनीय उपलब्धि सामने आई है। अभियान के अंतर्गत आयोजित शिविरों में कुल 83 हजार 402 आवेदनों का निराकरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में हितग्राहियों को योजनाओं का सीधा लाभ मिला।

स्थानीय उत्सव भवन में आयोजित जिला स्तरीय शिविर में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने जानकारी देते हुए बताया कि 12 जनवरी से 31 मार्च तक संचालित इस अभियान में ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय, तहसील एवं जिला स्तर पर शिविर आयोजित किए गए। स्वीकृत आवेदनों के हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया, जिससे शासन की योजनाएं सीधे लोगों तक पहुंच सकीं। अभियान के तहत न केवल हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ दिया गया, बल्कि आमजन की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया। शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी गई और पात्र लोगों को तत्काल लाभान्वित किया गया। जिला स्तरीय शिविर में वन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, सामाजिक न्याय, आदिमजाति, कृषि, उद्यानिकी, श्रम सहित कई विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई। इन स्टॉलों के माध्यम से हितग्राहियों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के स्वीकृति पत्र एवं प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए, जिससे लोगों में उत्साह देखा गया।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह, एसडीएम संस्कृति मुदित लटौरिया, डिप्टी कलेक्टर एसके तोमर, सीएमएचओ डॉ. ओपी अनुरागी, जिला कार्यक्रम अधिकारी उदल सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी एचएस चौहान, सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया, सहायक संचालक सौरभ तिवारी सहित अन्य अधिकारी, हितग्राही एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## धारणा योजना के तहत आधा सैकड़ा आवेदन निरस्त किए

# पीएम आवास के स्वीकृत आवेदन निरस्ती से किला बस्ती पर संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

क्या किला बस्ती अवैध है यह मानवीय उपयोग के लिए प्रतिबंधित है अगर ऐसा है तो इस बस्ती में रहने वाले लोगों के पहले से बने घर मकानों को क्या अवैध बताकर खाली कराया जाएगा? यह हम नहीं कह रहे हैं बल्कि शासन के नुमाइंदों की वो रिपोर्ट बोल रही है जिसमें किला बस्ती को गैर आबादी बताकर पीएम के लिए आवेदनों को निरस्त कर दिया गया है।

जब से पीएम आवास योजना ऑनलाइन हुई है तब से इस योजना में आवास बनाने के लिए हितग्राही के पास खुद की जमीन रजिस्ट्री पट्टा इत्यादि होना जरूरी है। ऐसे हितग्राही जो योजना के लिए पात्र तो हैं लेकिन मकान बनाने के लिए उनके पास जमीन नहीं है उन्हें धारणाधिकार योजना के तहत मकान बनाने के लिए उस जमीन को पट्टे पर दिए जाने का प्रावधान है यह जमीन वह होती है जहां पर हितग्राही पूर्व से कब्जा जमा कर रह रहे हैं इसके प्रमाण के रूप में भी उन्हें बिजली बिल कनेक्शन इत्यादि प्रशासन को उपलब्ध कराने होते हैं। वैसे तो श्योपुर शहर में 3000 से अधिक लोगों ने धारणाधिकार के तहत आवेदन किए हैं लेकिन प्रशासन ने प्राथमिकता पीएम आवास के लिए स्वीकृत हितग्राहियों को दी जा रही है इस क्रम में किला बस्ती में 46 पीएम आवास हितग्राहियों ने आवेदन दिए थे पर पटवारी ने उक्त आवेदनों को धारणाधिकार योजना का लाभ देने से यह कहते हुए इनकार करते हुए फार्म निरस्त कर दिए हैं। साथ ही टीप लगा दी है कि किला की भूमि सरकारी नहीं है नहीं यह गैर आवासीय है पुरातत्व के अधीन है जिसके तहत यहां पर मकान बनाना निवास करना अवैध है। पटवारी की बात पर विश्वास किया जाए तो यह बात सिर्फ पीएम आवास योजना के लिए ही नए बल्कि यहां बने सैकड़ो मकानों के स्वामियों के लिए चिंता का विषय है जो 100 -200 सालों से यहां भवन बनाकर निवास करते आ रहे है।



### बाढ़ के बाद लिए थे आवेदन

2021 में आई सदी की भयंकर बाढ़ में लोगों के घर मकान बह गए थे ऐसे घर मकान को दोबारा से बनाने के लिए सरकार ने मकान मालिकों को पीएम आवास योजना के तहत हितग्राही बनाया था और उन्हें निचली बस्तियों से उठाकर ऊपरी बस्तियों में बसाने के लिए प्लानिंग की गई थी जिसके लिए धारणा अधिकारी योजना के तहत आवास बनाने के लिए जमीन दिए जाने का प्रावधान था तब बड़ी संख्या में लोगों ने आवेदन किए थे 3000 से अधिक आवेदन श्योपुर नगर पालिका श्री क्षेत्र से पहुंचे थे लेकिन उसमें से 10% को भी अभी तक दान अधिकारी योजना का लाभ नहीं मिला है।

### कब्जादारों को अपनी जमीन का अधिकार देता है धारणा अधिकार

मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 की धारा 246 के प्रावधानों के अनुसार उनके अधिभोग के गृहस्थल के भूमिस्वामी हैं। अतएव ऐसे अधिभोगी या उनके उत्तराधिकारी अथवा उत्तरवर्ती अंतरिती यदि अपने आवेदन के साथ यदि इस आशय का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं कि वे उक्त प्रावधान अनुसार भूमिस्वामी रहे हैं, तो जांच अधिकारी द्वारा नगरीय निकाय के गठन/विस्तारण की अधिसूचना के संदर्भ में परीक्षण कर यह सुनिश्चित किया जायेगा कि प्रश्नाधीन भूखंड वास्तव में नगरीय निकाय के गठन/विस्तारण में सम्मिलित ऐसे भू-भाग का हिस्सा है जो सम्मिलित होने वाले किसी ग्राम की आबादी के रूप में दर्ज था। तदुपरान्त ही ऐसे अधिभोगी को अधिभोग के समस्त भूखंड के भूमि स्वामी अधिकार पत्र देय होगा। कुल मिलाकर लोगों को ऐसी सरकारी जमीन पर अपना अधिकार देने की योजना है धारणाधिकार योजना।

### इनका कहना है...

किला बस्ती आबादी घोषित नहीं है इसलिए यहां पर धारणाधिकार योजना के तहत जमीन के पट्टे नहीं दिए जा सकते हैं इसीलिए 46 हितग्राहियों के आवेदन किला बस्ती वार्ड क्रमांक एक में निरस्त किए गए हैं।

**पुरुषोत्तम राठौर**
**पटवारी श्योपुर**

धारणाधिकार योजना के तहत इससे पहले भी किला बस्ती में लोगों को आवास बनाने के लिए पट्टे दिए गए हैं पर इस बार जानबूझकर आवेदन निरस्त किए गए मैंने इसकी शिकायत कलेक्टर से की है जरूरत पड़ी तो इस मामले को कोर्ट में भी ले जाएंगे।

**आहिस्ता रजा खान**
**पार्षद वार्ड नं 01**

### मेले के अंतिम दिन उमडी श्रद्धालुओं की भीड़

# झंडा चढ़ाने के साथ चार दिवसीय पनवाड़ा मेले का समापन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कराहल तहसील क्षेत्र के ग्राम पनवाडा गांव में चैत्र नवरात्रि की सप्तमी से शुरू हुआ चार दिवसीय मां अन्नपूर्णा मेले का उत्साह के साथ रविवार को झंडा चढ़ाने के साथ संपन्न हो गया। क्षेत्र के अलग अलग गावों से पहुंचे सैकडों की संख्या में भक्तों ने गाजे-बाजे के साथ झंडा यात्रा शुरू कर पदयात्रा करते हुए मां अन्नपूर्णा के दरबार पहुंचे। जहां हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं नेजे झंडे चढ़ाकर भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। रविवार को भी बड़ी संख्या में लोग यहां जवारे चढ़ाने के लिए आए। बता दें कि यह धार्मिक मेला गत 25 मार्च से शुरू हुआ था। रविवार को इस मेले का समापन किया गया। मेले के अंतिम दिन रविवार को पनवाड़ा पंचायत स्थित हनुमान जी मंदिर से गाजे-बाजे के साथ झंडा यात्रा शुरू की गई। इस दौरान झंडा यात्रा का जगह-जगह लोगों ने स्वागत किया गया। पनवाड़ा पंचायत के लंबे विशालकाय झंडे को मां अन्नपूर्णा के दरबार में चढ़ाया गया। इसके साथ ही आसपास के गांवों से आए भक्तों ने भी झंडे चढ़ाए। नेजे झंडे चढ़ने के बाद पारम्परिक तरीके से समापन घोषणा मंदिर समिति के द्वारा की गई। बीते चार दिनों से चल रहे इस मेले में श्रद्धालु कनक दंडवत और पैदल यात्रा कर माता के दरबार पहुंचे और आशीर्वाद प्राप्त किया। मेले के अंतिम दिन झूले, नाव और दुकानों पर खासा उत्साह देखने को मिला। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने मेले का आनंद लिया, वहीं अच्छी खासी भीड़ के चलते दुकानदारों के चेहरे भी खिल उठे।




भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। गौरतलब है कि अन्नपूर्णा माता मंदिर पर वर्षों से यह मेला आयोजित होता आ रहा है। इस बार भी कराहल, शिवपुरी, ग्वालियर, वीरपुर, सबलगढ़, जोरा, मुरैना और विजयपुर सहित कई क्षेत्रों से श्रद्धालु पहुंचे। स्थानीय लोगों के अनुसार नवरात्रि के दौरान करीब 20 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन किए।

# लंगर तकसीम के साथ उर्स का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

क्षेत्र में सांप्रदायिक सद्भावना की पहचान बन चुके हजरत खानून पीर रहमतुल्लाह अलेह का दो दिवसीय उर्स रविवार लंगर तकसीम के साथ सम्पन्न हो गया। दरगाह कमेटी से जुड़े मोहम्मद चीनी कुरैशी ने बताया कि हजरत खानून पीर रह. का उर्स मुबारक अकीदत के साथ मनाया गया। हर साल की तरह इस साल भी शनिवार को कर्बला रोड स्थित दरगाह पीर मजार शाह रह. से लाई गई पवित्र चादर को शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए बगवाज के वनांचल में स्थित की दरगाह पर ले



जाया गया जहां फातिहाखानी के बाद चादर पोशी की गई। रविवार की सुबह 9:00 बजे से लंगर तकसीम और चादरपोशी की रस्म अदा की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में जायरीनों ने दरगाह पर पहुंचकर फातिहा पड़ी चादर चढ़ाई ओर मन्नत मुराद मांगी।

# माखनाखेड़ली में सबसे ज्यादा अंक लाने विद्यार्थियों को सरपंच ने किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जनपद पंचायत श्योपुर की ग्राम पंचायत माखनाखेडली में सरपंच नागेन्द्र सिंह की अगुवाई में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें गांव के उन प्रतिभाशाली छात्र छात्राओ को आमंत्रित करके सम्मानित किया गया,जिन्होने बोर्ड पैटर्न पर आयोजित पांचवी और आठवी की परीक्षा में सबसे ज्यादा अंक हांसिल करके अपने परिजनों और गांव का नाम रोशन किया है।

इस सम्मान समारोह में सरपंच नागेन्द्र सिंह ने गांव के गणमान्य नागरिको को भी आमंत्रित किया। सरपंच की यह पहल छात्र छात्राओ में आगे बढने की प्रेरणा देने वाली एक पहल है,जिसकी गांव के ग्रामीण सराहना कर रहे है।

# मोहनजी की बगीची के पास पहली बार लगा रक्तदान शिविर, 37 यूनिट रक्त जुटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ श्योपुर द्वारा रविवार को मोहन जी की बगीची के पास स्थित चिंताहरण हनुमानजी मंदिर परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और सेवा भावना का परिचय दिया। शिविर का शुभारंभ विकासखंड श्योपुर के अध्यक्ष, राष्ट्रपति स्काउट मदन गर्ग द्वारा किया गया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विष्णु प्रजापति ने की।



इस अवसर पर जिला आयुक्त रेंजर रीना प्रजापति एवं जिला सचिव रोशन लाल गर्ग मुख्य रूप से उपस्थित रहे। शिविर की संपूर्ण व्यवस्थाएँ कोऑर्डिनेटर एवं विकासखंड श्योपुर के कोषाध्यक्ष नरोत्तम प्रजापति द्वारा सफलतापूर्वक संचालित की गईं। शिविर में कुल 37 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। उल्लेखनीय है कि मोहन जी की बगीची के पास पहली बार रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 22 युवाओं ने पहली बार रक्तदान कर एक नई मिसाल पेश की। इस रक्तदान शिविर में जिला सचिव रोशन लाल गर्ग ने 36वीं बार, जिला आयुक्त रेंजर रीना प्रजापति ने 8वीं बार, कोषाध्यक्ष नरोत्तम प्रजापति ने 8वीं बार तथा रोवर रंजीत सिंह ने 5वीं बार रक्तदान कर सभी को प्रेरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रोवर सूरज कुशवाहा, रोवर जतिन शिवहरे, रोवर यशू प्रजापति, रोवर गोविंद प्रजापति सहित अन्य कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# बीरपुर में किसानों से धोखाधड़ी मामले में प्रशासन सख्त, व्यापारी पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

वीरपुर में किसानों से सरसों की खरीदी के दौरान धोखाधडी का मामला सामने आने के बाद प्रशासन कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशो के बाद सख्त हो गया है। इस मामले में प्रशासन के द्वारा संबंधित व्यापारी के खिलाफ कार्रवाई कर दी गई है।एसडीएम विजयपुर अभिषेक मिश्रा ने बताया कि इस मामले की जानकारी मिलने के बाद मौके पर बीरपुर तहसीलदार एवं पुलिस प्रशासन को भेजा गया और जांच की कार्रवाई की गई। जांच में गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित व्यापारी प्रभुदयाल मुन्नालाल के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। एसडीएम ने बताया कि व्यापारी प्रभुदयाल मुन्नालाल पर लगभग 11,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। साथ ही व्यापारी का लाइसेंस निलंबित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके अलावा उपयोग में लाए जा रहे इलेक्ट्रॉनिक तोल कांटे को जांच हेतु श्योपुर कार्यालय भेज दिया गया है। एसडीएम का कहना है कि किसानों के साथ किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी

## आज परीक्षाएं यथावात संचालित होगी

श्योपुर। जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर द्वारा जारी किये गये निर्देशो के अनुसार यूनिवर्सिटी अंतर्गत सभी कॉलेजों में 30 मार्च को विभिन्न विषयों की परीक्षाएं पूर्व निर्धारित समयानुसार यथावत संचालित रहेगी।

इस संबंध में महाविद्यालय श्योपुर के प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा ने बताया कि जिले के सभी कॉलेजों में सोमवार 30 मार्च को परीक्षाएं अपने पूर्व निर्धारित समयानुसार आयोजित होगी। उन्होंने कहा कि 30 मार्च को सभी विद्यार्थी अपने-अपने विषय से सबंधित टाईम टेबिल अनुसार परीक्षा में निर्धारित समय पर शामिल रहें।

### अक्षय तृतीया, देवउठनी ग्यारस एवं वसंत पंचमी पर विवाह सम्मेलन होंगे

श्योपुर। मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना अंतर्गत वर्ष 2026-27 के क्रियान्वयन हेतु शासन स्तर से वार्षिक चक्रीय क्रम में सामुहिक विवाहों के आयोजन के लिए तिथियों का निर्धारण किया गया है। उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग शशिकिरण इक्का ने बताया कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के तहत अक्षय तृतीया के अवसर पर 19 अप्रैल 2026 को समस्त निकायों अर्थात सभी जनपद पंचायतो एवं नगरपालिकाओं द्वारा सामुहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। इसके अलावा देवउठनी ग्यारस (तुलसी विवाह) के अवसर पर 20 नवंबर 2026 तथा बंसत पंचमी के अवसर पर 11 फरवरी 2027 को सभी जनपद पंचायतों एवं नगरीय निकायों द्वारा सामुहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किये जायेगे।

# आज मनाई जाएगी महावीर जयंती कलेक्टर ने अवकाश परिवर्तन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

भगवान महावीर स्वामी की जयंती स्थानीय जैन पंथ से जुड़ा समुदाय मंगलवार के बजाए सोमवार को मनाएगा। यह निर्णय रविवार को आयोजित हुई जैन समुदाय की बैठक में लिया गया। जेन समुदाय के द्वारा लिए लिए गए निर्णय का सम्मान करते हुए कलेक्टर अर्पित वर्मा ने 31 मार्च को घोषित शासकीय अवकाश में परिवर्तन करते हुए 30 मार्च को को शासकीय अवकाश घोषित कर दिया है।



सकल जैन समाज की आयोजित हुई बैठक में सर्व सहमति से निर्णय लिया गया। सभी मंदिर में प्रातः पूजन अभिषेक शांति धारा की जाएगी इसके पश्चात सुबह 8:30 बजे नगर में प्रभात फेरी तेरापंथीजैन मंदिर सरावगी मोहल्ले से में बाजार होकर जैन मंदिर पहुंचेगी शाम 5 बजे भगवान महावीर स्वामी के कलशा भिषेक शान्ति धारा के पश्चात रात्रि में महाआरती, महिला मंडल के द्वारा महावीर स्वामी की जीवन पर नाटक का आयोजन जैन नोहरा बोहरा बाजार में रखा है।

## मुखी 3 साल की हुई, चीता प्रोजेक्ट की सबसे सफल उम्मीद बनकर उभरी

# अनाथ शावक से मजबूत शिकारी बनी 'मुखी' पांच बच्चों के साथ बढ़ाया चीतों का कुनबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क की मादा चीता 'मुखी' ने रविवार को अपने जीवन के तीन साल पूरे कर लिए। रविवार को कूनो नेशनल पार्क के स्टाफ ने कूनो पार्क में मुखी का तीसरा जन्मदिन मनाया। भारतीय धरती पर जन्मी पहली मादा चीता मुखी है जो चीता प्रोजेक्ट की सफलता की सबसे बडी उम्मीद बनकर उभरी है। मुखी का जन्म मार्च 2023 में उस समय हुआ था, जब नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से लाए गए चीतों को कूनो में बसाने की प्रक्रिया चल रही थी। उस दौरान नए माहौल, मौसम और स्वास्थ्य से जुड़ी कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था।

बता दे कि कूनो नेशनल पार्क मे तीन साल पहले 29 मार्च को जन्म लेने वाली मादा चीता मुखी की शुरुआत बेहद कठिन रही। क्योंकि जन्म देने के बाद उसकी मां 'ज्वाला' ने उसे छोड़ दिया था, जबकि उसके भाई-बहन तेज गर्मी के कारण जीवित नहीं रह पाए। ऐसे हालात में वन विभाग की टीम ने मुखी को बचाया और लगातार निगरानी में रखकर उसे पाला। यही कारण है कि आज उसे कूनो की सबसे मजबूत चीता माना जाता है। समय के साथ मुखी ने खुद को पूरी तरह जंगल के माहौल में ढाल लिया है। अब वह एक स्वस्थ वयस्क चीता है और शिकार करने में भी माहिर हो चुकी है। वन अधिकारियों के अनुसार, उसका व्यवहार इस बात का संकेत है कि कूनो का वातावरण चीतों के लिए अनुकूल साबित हो रहा है।



### नवंबर में पांच शावकों को जन्म दिया

मुखी ने 33 महीने की उम्र में नवंबर 2025 में पांच स्वस्थ शावकों को जन्म दिया। यह भारत में चीतों की दूसरी पीढ़ी की शुरुआत मानी जा रही है। बताया जा रहा है कि मुखी अपने शावकों की देखभाल खुद कर रही है, जो जंगल में किसी भी प्रजाति के टिके रहने के लिए बेहद जरूरी है।

### चीता केपी 2 को ट्रेंकुलाइज कर कूनो में लाई टीम

करीब डेढ महीने से कूनो नेशनल पार्क से निकलकर राजस्थान के बारा और कोटा जिले में घूम रहे चीता केपी -2 को कूनो नेशनल पार्क की टीम राजस्थान के निमोदा उजाड़ गांव से ट्रेंकुलाइज कर वापस कूनो नेशनल पार्क में ले आई है। हालांकि इसका भाई केपी-3 का राजस्थान के बारां के रामगढ़ क्षेत्र में ही मूवमेंट बना हुआ है। जिसे भी टीम वापस कूनो में लाने का प्रयास कर रही है। फिलहाल कूनो की टीम उसकी निगरानी में लग हुई है। बता दें कि चीता केपी-2 कूनो पार्क से निकलकर दूसरी बार बारां पहुंचा था। इससे पहले 27 नवंबर को आया था। इस दौरान उसने चार शिकार किए। कूनो की टीम 12 दिसंबर को ट्रेंकुलाइज कर उसे ले गई। वहां से वह फिर से 14 फरवरी को बारां के रामपुर टोडिया से रामगढ़ पहुंच गया। इधर, इसी का भाई चीता केपी-3 भी 2 मार्च को बारां के रामगढ़ में आया। वहां से 14 मार्च को वापस लौट गया। तब इसने दो बार शिकार किए। अब फिर से केपी-3 भी 22 मार्च को बारां के जंगल में पहुंच गया। अभी कूल नदी के किनारे नेकपुरा गांव के आसपास मूवमेंट बना हुआ है।

### इनका कहना है

मुखी की कहानी पूरे प्रोजेक्ट के लिए मील का पत्थर है। कठिन परिस्थितियों में उसका जीवित रहना और अब मां बनना यह दिखाता है कि कूनो का इकोसिस्टम चीतों के लिए अनुकूल है।

**उत्तम कुमार शर्मा**
**सीसीएफ**

### वार्ड 10 में कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ

# श्रीमद भागवत कथा के श्रवण से नष्ट होते है जन्म जन्मांतर के विकार:शास्त्री





हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शहर के वार्ड क्रमांक 10 में राम जानकी मंदिर के पास रविवार को भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। कलश यात्रा पाली रोड स्थित खुलखुली माता मंदिर से शुरू हुई। जो गाजेबाजे के साथ पाली रोड होते हुए कथा स्थल पर आकर संपन्न हुई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में बालिका और महिला श्रद्धालु सिर पर कलश धारण कर शामिल हुई। कलश यात्रा के बाद श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ करते हुए कथा व्यास आचार्य दीपक शास्त्री ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा, ऐसी कथा है, जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है। इसलिए जहां भी भागवत कथा होती है, इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक उर्जा से सशक्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि कथा की सार्थकता तभी सिद्ध होती है, जब इसे हम अपने जीवन और व्यवहार में धारण करें। श्रीमद्भागवत कथा के श्रावण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है। धर्मप्रेमी लोगों की सामूहिक पहल पर आयोजित यह श्रीमद भागवत कथा आगामी 5 अप्रैल तक चलेगी।

## खबर संक्षेप

### पटरियों पर 45 वर्षीय अज्ञात का शव मिला

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत सीगोन एवं रेहटवास रेलवे लाईन के बीच पोल क्रमांक 102907एफ के पास एक अज्ञात युवक का शव मिला है जिसकी उम्र लगभग 45 साल है। जिसकी सूचना मूडरा कला निवासी थान सिंह केवट द्वारा पुलिस को दी गई थी। जिस पर से पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### मर्ग की जांच पर से मामला किया दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत ग्राम बीलाखेडा करीला माता मंदिर मार्ग पर पुलिस ने 9 मार्च को किसी अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया था। जिसकी जांच सहायक उपनिरीक्षक हेमराज मीना द्वारा की जा रही थी जिसमें पाया गया कि अज्ञात वाहन चालक द्वारा अपने वाहन को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाकर बाईक को टक्कर मार दी। जिससे संजीव पुत्र पहलवान रघुवंशी निवासी ग्राम मसीदपुर की मौत हो गई थी। जिस पर से पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### बाइक से हिरण टकराया चालक की मौत

**अशोकनगर।** पड़ौसी जिला गुना के ग्राम कुसमौदा निवासी हरीसिंह पुत्र हरनाम सिंह उम्र 65 साल जब अशोकनगर से रेहटवास बाईक से जा रहे थे तभी उनकी बाईक के सामने एक हिरण आ गया, जिससे उनकी बाईक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में बाईक चालक की मौत हो गई है। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### पटरी पार करते समय युवक की मौत

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत ग्राम गुन्हेरू बामौरी में रेल की पटरी पार करते समय एक युवक की मौत हो गई। जिसकी पहचान पप्पू पुत्र तौफान सिंह उम्र 40 साल के रूप में की गई है। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

### कटटे की नोक पर तीन नकाबपोशों ने जेवर लूटे

**अशोकनगर।** जिला मुख्यालय से 65 किलोमीटर दूर चंदेरी थाने के अंतर्गत एक लूट की घटना सामने आई है। यह घटना खैरा गांव के आगे पुलिया के पास बाईक से ललितपुर से गूढर जाते समय हुई। इस घटना में आरोपी पति पत्नि से जेवर लूट ले गई, जिसकी रिपोर्ट दीपक पुत्र कंजू चोरे उम्र 32 साल निवासी कुण्डीपुरा थाने के पीछे छिंदवाड़ा द्वारा दर्ज कराई गई है। दीपक चोरे ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि वह अपनी पत्नि बिंदिया व पुत्री जिया के साथ बाईक से ललितपुर से गूढर जा रहे थे, तभी 26 मार्च की रात साढ़े 10 बजे जैसे ही उनकी बाईक खैरा गांव के आगे पुलिया के पास पहुंची तो 3 अज्ञात नकाब पोश व्यक्ति बाईक से पीछे से आए और उन्होंने मेरी मोटरसाईकिल को रोककर कटटे का भय दिखाकर उसकी पत्नि के कान के सोने के बाला, सोने का मंगलसूत्र, चांदी की पायले, एक सेमसंग कंपनी का मोबाइल, कपड़े का बैग, एवं मेरा तथा मेरी पत्नि का पर्श जिसमें एटीएम कार्ड व नगदी 2500 रूपए रखे हुए थे जिन्हे झपट कर भाग गए। उक्त घटना के बाद से पुलिस आरोपियों की तलाश में लगी है।

### मारपीट की घटनाओं के अनेक मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत फतेहाबाद नई वस्ती निवासी रामलाल अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी लखन और छोटू अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कालीटोर निवासी छोटू गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामप्रीत गुर्जर ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम परासरी निवासी देवेन्द्र शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी युधिष्ठर और लालाराम रघुवंशी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मढ़ना खिरिया निवासी नन्नूलाल जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अमर सिंह, गोपाल, गणेशराम और छोटू रघुवंशी ने डंडों से मारपीट की।

---

### वायपास रोड से पुरानी मंडी में आने के लिए और परिसर में सड़क बनेगी

# कृषि उपज मंडी में 6 करोड़ के कार्य की योजना प्रस्तावित, होंगे निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मध्यप्रदेश की अशोकनगर एक ऐसी मण्डी है जिसके पास पर्याप्त जगह है। एक नहीं दो-दो मंडीयां यहां की मण्डी समिति चलाती है। इन दोनों मण्डीयों में माल की खरीद हो रही है पर्याप्त मात्रा में जगह होने के बाद अब मण्डी के आगामी भविष्य को बेहतर बनाने के लिए वर्ष 2026-27 के लिए एक नई कार्य योजना तैयार की गई है, जिसमें 6 करोड़ रूपए के कार्य प्रस्तावित किए है।

कृषि उपज मण्डी के सचिव भागीरथ अहिरवार और उपयंत्री सूर्यकान्त त्रिपाठी ने बताया कि इस नई योजना के माध्यम से मण्डी में वह सब कार्य किए जाएगें जिनकी प्राथमिकता से आवश्यकता है। जिसमें पेवर्स ब्लॉक लगाए जाने के साथ, व्यापारियों के भूखण्डों के बाहर सीसी सड़क, आरसीसी नालियां, आदि कार्य किए जाएगें। पूरे परिसर को नई मण्डी में बेहतर बनाया जाएगा, ताकि धूल न उड़े और व्यापारी व किसान परेशान न हों। यह मण्डी की आवश्यकताओं को देखते हुए यह जो कार्य योजना तैयार की गई है जबसे मण्डी बनी है तब से इस तरह का कार्य नहीं हो पाया था, जिसके कारण उक्त सुविधाओं का लाभ बेहतर ढंग से नहीं मिल पा रहा था। जिसे देखते हुए यह कार्ययोजना तैयार की गई है ताकि इस योजना के माध्यम से कार्य पूरे कराया जा सकें।



**पुरानी गल्ला मंडी मार्ग के साथ मंडी परिसर में भी होगा सड़क का निर्माण**




उन्होंने बताया कि पुरानी गल्ला मण्डी जो वायपास रोड से प्रवेश द्वार के साथ शुरू होती है, यहा की सड़क अत्यंत खराब हो गई है तथा पूरे दिन धूल उड़ती है जिसके कारण मंडी में आने जाने वाले लोग तो परेशान होते ही हैं साथ में मंडी परिसर में व्यापारियों के भूखण्डों के बाहर सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है। इस सड़क को नए सिरे से बनाए जाने का निर्णय लिया गया है, जिसमें 1 करोड़ रूपए की राशि से सड़क का निर्माण किया जाएगा। ज्ञात हो कि पिछले दिनों जैन समाज के पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन पुरानी गल्ला मंडी में होने के कारण इस आयोजन में शामिल होने वाले लोगों को भी समस्याओं का सामना करना पड़ा था, जिसके बाद जैन समाज द्वारा आने जाने वाले मार्गों पर चूरी भी डलवाई गई थी जिससे कुछ समय के लिए राहत मिल थी। लेकिन अब स्थायी रूप से यहां सड़क का निर्माण कराया जा रहा है जिसके लिए निवदाएं भी स्वीकृत की जा चुकी हैं।

**5 बीघा भूमि अब नई मण्डी को और मिलेगी** उन्होंने बताया कि नवीन गल्ला मण्डी परिसर से लगकर 5 बीघा भूमि जो पूर्व में मंडी को प्रदान की जाना थी, राजस्व विभाग में एक प्रकरण भी चल रहा था, वह प्रकरण मण्डी के पक्ष में हो गया है। इस 5 बीघा भूमि मिलने के बाद नई गल्ला मंडी के पास कुल 22 हेक्टेयर भूमि हो जाएगी। जल्द ही इस भूमि का उपयोग गल्ला मण्डी के रूप में किया जाएगा। इसके अलावा मण्डी में डिस्प्ले बोर्ड, स्वच्छ पानी हेतु एक मशीनरी भी लगाई जा रही है। अभी तक इस तरह की सुविधा गल्ला मण्डी में नहीं है। इस सुविधा के बाद व्यापारियों व किसानों को पूरे समय स्वच्छ पानी प्राप्त हो सकेगा।

#### पुरानी गल्ला मंडी वर्ष 1964 में और नई गल्ला मंडी 2019 में बनी

अशोकनगर कृषि प्रधान जिला है यह अशोकनगर जिले के लिए बड़े गौरव की बात है कि यहां दो मण्डियां बड़े क्षेत्रफल के रूप में संचालित हो रही हैं। पुरानी मण्डी वर्ष 1964 में प्रारंभ हुई थी तब मध्यप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारकाप्रसाद मिश्र इस मण्डी का उद्घाटन करने के लिए आए थे। तब से आज तक यह मण्डी चलती आ रही है, 1964 से 2026 तक 62 साल हो गए हैं। इन 62 वर्षों में अशोकनगर मण्डी का आकार बढ़ाए जाने की मांग चल रही थी जिसके बाद नई मण्डी का निर्माण मोहरी में किया गया। इस मण्डी का निर्माण 2019 में हुआ था तब से यह मण्डी 7 साल की अवधि पूरी कर चुकी है। दोनों मण्डीयां अशोकनगर में संचालित हैं, ऐसी मण्डीयां मध्यप्रदेश के बहुत कम स्थानों पर देखने मिलती है।

---

# कुटंब न्यायालय परिसर में विधिक साक्षरता शिविर लगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा के नेतृत्व में शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अशोकनगर द्वारा, गांधी पार्क, कुटुंब न्यायालय परिसर में एक वृहद कैंप का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन विशेषकर समाज के कमजोर एवं वांछित वर्गां को उनके विधिक अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान करना एवं उन्हे लाभान्वित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सतीश चन्द्र शर्मा द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर साकेत मालवीय, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय केशवा मणि सिंहल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट किरण तुमराची धुर्वे, अध्यक्ष अधिवक्ता संघ चंद्रशेखर साहू सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। वृहद विधिक साक्षरता शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के साथ जिला अशोकनगर कलेक्टर साकेत मालवीय, साथ ही अन्य अतिथियों में प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय के सामान्य सिंघल जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू एसपी गजेंद्र सिंह कंवर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मनीष अनुरागी मंचासीन रहे।

कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा लोगों को उनके अधिकार, कर्तव्य एवं समाज में वैकल्पिक विवाद समाधान योजनाओं के लाभ को विस्तृत रूप से बताया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साकेत मालवीय द्वारा आम जन को विभिन्न शासकीय योजनाएं, जनसुनवाई प्रमुख थी, के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही जनसुनवाई और निःशुल्क विधिक सहायता के समन्वय पर जोर दिया। उन्होंने विभिन्न विभागों के बीच समन्वय की बात रखी। कलेक्टर ने बताया कि अफवाहों पर ध्यान न देकर आम नागरिक अपनी एवं समाज के बारे में विचार कर देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लेकर आगे बढ़ें। इस मेगा आउट रिच एंड अवेयरनेस कैंप में शासन की समस्त विभागों द्वारा अपनी स्टॉल लगाकर शिविर में आने वाले लोगों को त्वरित समस्याओं का निदान किया गया। जिसमें सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग द्वारा पेंशन योजना, स्वरोजगार ऋण, समावेशी शिक्षा, पुर्नवास सेवाऐं, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, लाभार्थियों को ट्राई साइकिल व्हीलचेयर एवं विभिन्न ऑडियो विजुअल उपकरण देकर लाभान्वित किया। साथ ही श्रम पदाधिकारी द्वारा शिविर में आए पात्र हितग्राहियों के संबल कार्ड बनाए गए। जिससे उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाएं, बीमा, इलाज, उपकरण खरीदी आदि लाभ प्राप्त हो सके।

आजीविका मिशन द्वारा मेगा आउट रीच प्रोग्राम में आने वाली महिलाएं को विभिन्न आजीविका मिशन एवं योजनाओं से अवगत कराया जिनमें लोक अधिकार केंद्र, समूह से लखपति दीदी एवं महिला स्वरोजगार के बारे में स्टाल लगाकर जानकारी प्रदान की गई। अजीविका मिशन के जिला परियोजना अधिकारी दिनेश शर्मा भी उपस्थित रहे। शिक्षा विभाग से डी.पी.सी. राहुल शर्मा उपस्थित रहे। जिन्होंने सर्वशिक्षा अभियान, शिक्षा का अधिकार, गणवेश, विद्यालय प्रवेश आदि के संबंध में स्टॉल लगाकर लोगों को जागरूक किया। वृहद शिविर में विधि महाविद्यालय की छात्र-छात्राओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। उन्होंने नागरिकों के मूल अधिकार, मूल कर्तव्य, नए कानून जिनमें भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय न्याय संहिता के बारे में बताया।

---

# नाबालिग बालक का यौन शोषण किया, 02 घंटे में पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**अशोकनगर।** नाबालिग बालक का अपहरण कर लैंगिक शोषण करने वाले आरोपी को मात्र 02 घंटे में गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्यवाही की गई है।

फरियादिया ने पुलिस को बताया कि वह घटना 27 मार्च को दोपहर 01 बजे अपने लड़के को लेकर गांव के माता मंदिर में पूजा के लिये गयी थी। वहां वह लड़के को मंदिर के बाहर बिठाकर पूजा करने लगी। जब उसने पूजा के बाद मंदिर से बाहर आकर देखा तो उसका लड़का नही मिला, तब वह घर आयी तो थोड़ी देर बाद उसका नाबालिग 07 वर्षीय लड़के ने रोते हुये आकर अपने साथ हुई घटना के बारे में बताया कि जब वह मंदिर के बाहर बच्चों के साथ खेल रहा था। तब गांव का शिवचरण चॉकलेट और रूपयों की कहकर उसे मंदिर के पीछे नाले में ले गया और वहां जाकर उसके साथ जबरन लैंगिक यौन शोषण किया। उप निरीक्षक पूनम सेलर ने टीम गठित कर मजबूत मुखबिर तंत्र की सहायता से मात्र दो घंटे के भीतर आरोपी शिवचरण कुशवाह पुत्र स्व.श्यामलाल कुशवाह उम्र 21 साल निवासी थाना कचनार क्षेत्र को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जहां माननीय न्यायालय द्वारा जेआर स्वीकृत करने पर आरोपी को जेल दाखिल किया गया।




### 50 लाख की स्ट्रीट लाइट योजना का शुभारंभ, श्री हनुमान टेकरी धाम पर लगाई गई पहली लाइट

**शाढ़ौरा।** नगर में 50 लाख रुपये की लागत से लगाई जा रही स्ट्रीट लाइटों की योजना का शुक्रवार को शुभारंभ कर दिया गया। श्री हनुमान टेकरी धाम पर पूजा अर्चना के बाद दरबार के मुख्य बर गेट पर जल ईडी लाइट लगाकर इस योजना की औपचारिक शुरुआत की गई।



नगर परिषद अध्यक्ष अशोक माहौर ने इस मौके पर बताया कि नगर में स्ट्रीट लाइट लगाने की योजना में कई परेशानियां आईं, लेकिन सबके प्रयासों से आज योजना का शुभारंभ हो सका है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया तथा पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी का विशेष सहयोग इस योजना में मिला। सीएमओ शमशाद पठान ने बताया कि वर्ष 2022 में तत्कालीन विधायक जजपाल सिंह जज्जी के माध्यम से नगर में स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए 50 लाख रुपये की विशेष निधि प्राप्त हुई थी। आज उसी निधि से शुरू की गई योजना का श्रीगणेश हो गया है। इस अवसर पर नगर परिषद में नेता प्रतिपक्ष रवि मोहने ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी का आभार जताया। शुभारंभ कार्यक्रम में नगर परिषद के पार्षदों तथा कर्मचारियों की भी उपस्थिति रही।

---

**मप्र उर्दू अकादमी के कार्यक्रम का आयोजन**

# दोस्ती अदावत भी ख़ुद ब ख़ुद समझ लोगे... एक दिन दग़ा...



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी, संस्कृति परिषद, संस्कृति विभाग के तत्त्वावधान में ज़िला अदब गोशा, अशोक के द्वारा सिलसिला के तहत व्याख्यान एवं रचना पाठ का आयोजन रोटरी क्लब भवन, अशोक नगर में ज़िला समन्वयक आर.पी कामिल के सहयोग से किया गया।

अशोकनगर में आयोजित सिलसिला के लिए मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी की निदेशक डॉ नुसरत मेहदी ने अपने संदेश में कहा कि अशोकनगर में गत वर्षों से "सिलसिला" संगोष्ठी में जिस उत्साह और सक्रियता के साथ साहित्यकारों व शायरों की सहभागिता देखने को मिलती रही है, वह अत्यंत प्रसन्नता का विषय है। यह इस क्षेत्र की समृद्ध साहित्यिक परंपरा और उर्दू अदब के प्रति गहरे जुड़ाव को दर्शाता है। यहां के साहित्यकार और शायर अपने स्तरीय एवं सार्थक लेखन के लिए पहचाने जाते हैं। ऐसे प्रतिभाशाली रचनाकारों की उपस्थिति इस आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान करती है। अकादमी का यह प्रयास इस दृष्टि से सफल और सार्थक है कि वह इन योग्य रचनाकारों को एक सशक्त मंच उपलब्ध करा पा रही है, जहाँ वे अपनी रचनात्मक अभिव्यक्ति को व्यापक श्रोताओं तक पहुँचा सकें। अशोकनगर ज़िले के समन्वयक रवि प्रकाश कामिल ने बताया कि सिलसिला के तहत व्याख्यान एवं रचना पाठ का आयोजन हुआ जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ शायर सुधीर गुप्ता ने की।

**रचना पाठ में जिन शायरों ने अपना कलाम पेश किये उनमें खलील अश्क ने अपना रचना पाठ करते हुए कहा...**

बाद मरने के तुझे याद करेगी दुनिया
अश्क इस फ़न को किताबों में बिखर जाने दे

रचना पाठ के इस आयोजन में सुधीर गुप्ता ने अपनी रचना प्रस्तुत करते हुए इस गोष्ठी को आगे बढ़ाया उन्होंने कहा कि

हम में फूट डालने की बात सोचना नादानी है,
हम हिंदू मुस्लिम पीछे हैं, हम पहले हिंदुस्तानी हैं।

इसी प्रकार इस गोष्ठी में जमुना प्रसाद बेताब ने दोस्ती के ऊपर अपनी रचना सुनाते हुए कहा कि

दोस्ती अदावत भी ख़ुद ब ख़ुद समझ लोगे
ख़स यार जब तुमको एक दिन दग़ा देगा

इसी गोष्ठी में अगले शायर के रूप में काले ख़ां असर ने अपनी शायरी का कलाम पेश करते हुए कहा कि

क्यूं क़ैद में रखते हो मासूम परिंदों को
पिंजरे से परिंदों को आजाद नहीं करते

इसी गोष्ठी में रिश्तों को ताजा बनाने के लिए और रिश्तों को भूलने वाले लोगों के लिए अपनी रचना सुनाते हुए आर.पी.कामिल ने कहा कि

लोग जर जेवर मकानों के दिवाने हो गये।।
इस नये माहौल में रिश्ते पुराने हो गये ।।

इसी प्रकार गोष्ठी में अभिनेश सागर, ज़मीरुद्दीन ज़मीर, शहज़ाद पेंटर, मोहम्मद इरफ़ान, मनोज दर्द ने भी अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं और इस गोष्ठी को एक नई ऊंचाईयां दी, गोष्ठी का संचालन महेश श्रीवास्तव ने किया।

---

# 1 अप्रैल से ई-विकास पोर्टल के माध्यम से मिलेगा उर्वरक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले के किसानों को 1 अप्रैल से ई-विकास (वितरण एवं कृषि उर्वरक आपूर्ति समाधान) प्रणाली व्यवस्था से उर्वरक वितरण जायद/खरीफ सीजन हेतु किया जायेगा। कृषक ऑनलाईन पंजीयन अपनी सहकारी समिति, डबललॉक केन्द्र, एम.पी.एग्रों एवं निजी विक्रेताओ के यहां निःशुल्क पंजीयन करा सकते है। इसके अतिरिक्त एम.पी.ऑनलाईन, कॉमन सर्विस सेन्टर के कियोस्क से निर्धारित शुल्क देकर पंजीयन करा सकते है।

उर्वरक क्रय करने हेतु किसानों को ऑनलाईन पंजीयन (ई-टोकन) आधार नम्बर से किया जायेगा। फार्मर आई.डी. में किसान का रकवा एग्री स्टेक के माध्यम से प्रदर्शित होगा। किसान द्वारा जमीन के खसरा नम्बर में बोई जाने वाली फसल का चयन किया जायेगा और इसके आधार पर उर्वरक की मात्रा दिखेगी। इसके बाद एक ऑनलाईन मैसेज एवं ई-टोकन किसान को मोबाईल पर प्राप्त होगा। इस पंजीयन को लेकर किसान अपने द्वारा चयनित उर्वरक विक्रय केन्द्र जाकर उर्वरक क्रय कर सकेगा। सिकमी, मृत किसान तथा शारीरिक रूप से असक्षम एवं वृद्ध किसानो, संयुक्त खाताधारक कृषको, जिनकी भूमि एग्री स्टेक पर प्रदर्शित नही हो रही है, वन पट्टाधारी, शासकीय पट्टाधारी आदि कृषको को भी प्रक्रिया अपनाकर उर्वरक देने के लिये पोर्टल पर व्यवस्था की गई है।

---

# अवकाश में भी नपा कार्यालय खुलेगा बकाया कर 31 से पहले जमा करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

नगर पालिका परिषद अशोकनगर को शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुसार 31 मार्च से पूर्व बकाया संपत्ति कर एवं बकाया जलकर जमा करने वाले नागरिकों को पेनल्टी में विशेष छूट प्रदान की जा रही है। जो लोक अदालत की तर्ज पर दी जाएगी। जिसे देखते हुए अवकाश के दिनों में भी नपा कार्यालय खुला रहेगा।

नगर के समस्त बकायादारों से अपील की जा रही है कि इस विशेष अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं एवं अपने बकाया करों का भुगतान निर्धारित तिथि से पूर्व अवश्य करें। सभी करदाताओं से अपील की जा रही है कि वे नगर पालिका परिषद कार्यालय में पहुंचकर अपना बकाया संपत्ति कर एवं जलकर जमा करें तथा पेनल्टी में छूट का लाभ लेकर बकाया से मुक्ति प्राप्त करें। आगामी माह से कर की दरों में वृद्धि की जा रही है।



---

### अविचल सागर ने कहा भगवान के गुणों की प्रसंशा करते रहें

# एक दिन जग की भलाई करना आ जाएगा: मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

हम सब भी भगवान के गुणों की प्रसंशा करना सीखें। हम दुनिया की बात करना तो जानते हैं लेकिन हमारे मुख से किसी की प्रसंशा नहीं निकलतीं। आप से कहें कि अपने पड़ोसी के सम्मान में दो शब्द कहे प्रशंसा में कुछ कहे तो आप भड़क जाते हैं। उसकी प्रशंसा करु जो कुछ भी नहीं जानता उसे तो कुछ भी नहीं आता उसने किसी का कभी भला नहीं दुष्ट है अभिमानी है सच तो यह है कि तुम किसी की प्रशंसा करने में अपनी अक्ल लगाते ही नहीं हो।

यह बात अशोकनगर में विराजमान मुनिश्री अविचल सागर जी महाराज ने धर्मसभा में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि तभी मैं कहता हूं कि आप भगवान के गुणों को प्रकट करने के लिए कुछ कहना शुरू करोगे तो एक दिन तुम्हारे मुख से जगत के प्रत्येक जीव के लिए अच्छी बातें निकलने लगेगीं।

हमें अपनों की प्रशंसा करना सीख लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम अपनो की प्रशंसा करना तक भूल गए कैसे किसी की अच्छाइयों का वखान कर उसके गुणों को उद्घाटित कर समाज के समाने अपने ही लोगों के समाने लाने में सहयोगी बने। यह सब चीजें हमारे भीतर से गायब होती जा रही है हमें अपने अंदर प्रेम, दया, करुणा को उभारना होगा। आप सोचें यह एक दिन में संभव हो जाये ऐसा नहीं होता। अच्छाईयों को मन में जगह देने के लिए संस्कार देना पड़ेगा। हमारा मन, हृदय, वाणी, कलुषता, घृणा, नफरत, से भरी पड़ी है इसको बाहर करने के लिए अपने मन को बार बार समझाना होगा तव कहीं जाकर आपके मुख से दूसरों के लिए दो शब्द निकलेंगे।



**आप अच्छाई दोगे तो अच्छाई मिलेगी बुराई देखोगे तो बुराई मिलेगी**

उन्होंने कहा कि जव तक हम जगत के जीवों के गुणों की प्रशंसा नहीं करेंगे उनकी अच्छाइयों को झुठलायेंगे तब तक हमें भी इस जगत में पूछने वाला कोई नहीं मिलेगा ये संसार का नियम है आप अच्छाई दोगे तो अच्छाई मिलेगी बुराई देखोगे तो बुराई मिलेगी हम तो गुणों को देखना है। इसकी शुरुआत हम अपने इष्ट आराध्य देव से करें क्योंकि वहां तुम्हारा मन लगता है भगवान मैंने तेरी प्रशंसा करने पर जाना कि संसार के प्रत्येक जीव में गुण भरें पड़े हैं मेरी ही तो नजर ऐसे हैं कि मैं कुछ नहीं समझ पाया मुझे दूसरों की कमी तो जल्दी दिख जाती है उसकी अच्छाई पर नजर नहीं पहुंचती सबसे पहले मैं दूसरी की अच्छाइयों को आत्मसात करते हुए उन्हें प्रकट कर पाऊं।

#### महावीर जयंती पर कार्यक्रमों की प्रभात फेरी से होगी शुरूआत

जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने बताया कि जैन दर्शन के चैबीस वे तीर्थंकर भगवान श्री महावीर स्वामी के 2625वे जन्म जयंती समारोह का मुख्य आयोजन जैनाचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम शिष्य दया भावना प्रेरक मुनिश्री अविचल सागर जी महाराज ससंघ के सान्निध्य में जिला कलेक्टर साकेत मालवीयएवं एसपी राजीव मिश्रा नपा अध्यक्ष नीरज मनोरिया के विशेष आतिथ्य में प्रातः काल 7:45 बजे प्रारंभ होगा। जो आचार्य श्री विद्यासागर द्वार भगवान महावीर मार्ग गांधी पार्क पुराना बाजार गांव मन्दिर प्रसोसन रोड़ सुराना पार्क वजरिया मोहल्ला इन्द्र पार्क होते हुए सुभाष गंज मैदान में आकर धर्म सभा में बदल जायेगा। जहां भगवान के कलशाभिषेक के साथ ही अन्य कार्यक्रम होंगे। दत उपरान्त दया भावना प्रेरक मुनिश्री अविचल सागर जी महाराज के मंगल प्रवचन होंगे। भोजन वस्त्र वितरण समारोह पूर्व मंत्री मध्यप्रदेश सरकार राव ब्रजेन्द्र सिंह यादव पूर्व नपाध्यक्ष जजपाल सिंह जज्जी एडिशन कलेक्टर सोनम जैन एडिशन एसपी गजेन्द्र सिंह कंवर के विशेष आतिथ्य में सुभाष गंज में होगा।